प्रादेशिक समाचार
12.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में अपने भाषण में इस बात का व्यापक विवरण दिया कि इस वर्ष का बजट देश के आर्थिक परिवर्तन में किस प्रकार योगदान देगा। लोकसभा में बजट पर वित्त मंत्री के जवाब का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने रिफॉर्म एक्सप्रेस, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों – एमएसएमई को समर्थन, कौशल विकास, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और शिक्षा आदि पर जोर दिया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 'सेवा तीर्थ' और 'कर्तव्य भवन–एक और दो का उद्‌घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने आज बताया कि नवनिर्मित सेवा तीर्थ परिसर में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय होंगे। कर्तव्य भवन–एक और दो में वित्त मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय और जनजातीय कार्य समेत कई मंत्रालय होंगे।

****

जमशेदपुर के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां जल्द ही भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। खबरों के अनुसार, वे महाशिवरात्रि के दिन आधिकारिक रूप से भाजपा का दामन थामेंगे। दुलाल भुइयां का भाजपा में जाना कोल्हान क्षेत्र में झामुमो के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। दुलाल भुइंया ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचार से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के ऑड्रे हाउस में आज दो दिवसीय सीएमएस वातावरण फिल्म महोत्सव का उद्‌घाटन किया। इस महोत्सव में पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी ज्ञान के संरक्षण का आह्वान किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने भारत के हरित भविष्य में राज्य की भूमिका पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड एक ऐसी भूमि है जो वनों और उनलोगों से परिभाषित होती है जो प्रकृति के साथ सद्‌भाव में रहे हैं। यह महोत्सव सिनेमा के माध्यम से झारखंड की पारिस्थितिक वास्तविकताओं को केंद्र में लाने का मंच के रूप में कार्य करेगा।

****

उपराजधानी दुमका में ऐतिहासिक राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि यह महोत्सव 13 फरवरी से 20 फरवरी तक विभिन्न सांस्कृतिक, पारंपरिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से आयोजित होगा।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर मंडल के पीडब्ल्यूआई चाईबासा के तालाबुरु सेक्शन में आज सुबह रेल पटरी पर आठ हाथियों का झुंड पहुंच गया। हाथियों को अचानक पटरी की ओर आते देख ड्यूटी पर मौजूद ट्रैक मेंटेनर और कीमैन ने सतर्कता बरतते हुए तत्काल इसकी सूचना रेलवे अधिकारियों को दी। कुछ देर तक हाथियों का झुंड ट्रैक के आसपास मंडराता रहा। बाद में झुंड जंगल की ओर लौट गया, तब जाकर स्थिति सामान्य हुई। इस दौरान कोई ट्रेन उस पटरी से नहीं गुजरी।

****

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी और पादप प्रजनन विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार को झारखंड में सरसों अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय तिलहन सम्मेलन–2026 के दौरान स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. अरुण द्वारा विकसित उन्नत किस्म बिरसा भाभा मस्टर्ड–1 झारखंड में लोकप्रिय है और बड़े क्षेत्र में इसकी खेती की जा रही है। बड़े दानों वाली इस किस्म में लगभग 40 प्रतिशत तेल की मात्रा पाई जाती है। इसे भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई के सहयोग से विकसित किया गया है।

********समाप्त*********